संख्या–cm-448
19/09/2025

# मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य महिला आयोग के 24वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पटना, 19 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अधिवेशन भवन में बिहार राज्य महिला आयोग के 24वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य महिला आयोग पर आधारित स्मारिका 'संवाद से सरोकार तक' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार राज्य महिला आयोग को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार ने महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा कर उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार लाने का हर संभव प्रयास किया है। उन्हें नीतिगत, कानूनन एवं संगठनात्मक तौर पर मजबूती देने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। आज बिहार की महिलाओं में आत्मबल एवं आत्मसम्मान में अप्रत्याशित वृद्धि सबके समक्ष एक उदाहरण है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयषी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया किशोर रहाटकर, बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अप्सरा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******